# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/05/25–74 ,राँची/दिनांक: 02/09/2025

**पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (इन्टरमीडिएट एवं मैट्रिक स्तरीय)–2025 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) एवं उसके आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम) चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित आवश्यक सूचना**

पर्षद द्वारा दिनांक– 20.07.2025 (रविवार) को आयोजित पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा –2025 में सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के मैट्रिक एवं इन्टरमीडिएट स्तरीय परीक्षाफलों को जारी कर दिया गया है जिसे पर्षदीय वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result" column में प्रतियोगिता परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए दिनांक–03.09.2025 से परीक्षाफलों को अधःभारित (Download) कर सकते हैं।

2. परीक्षाफलों को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों के Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिये गये हैं जिसे दिनांक–06.09.2025 से अधःभारित किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों की उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षदीय वेबसाईट पर दिनांक–22.07.2025 को जारी करते हुए दिनांक– 26.07.2025 के अपराह्न 06:00 बजे तक परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों के विरूद्ध विषय विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर आपत्ति का निराकरण करते हुए अंतिम/संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षदीय वेबसाईट पर भारित कर दिये गये हैं। उक्त के ही आधार पर परीक्षाफलों को तैयार किया गया है।

3. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र/पत्रों की मूल–प्रति आवंटित संस्थान में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेंगे। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप, सूचना–विवरणिका/पर्षद के वेबसाईट के"Download"कॉलम में उपलब्ध है।

4. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click Here for All Online Counselling - 2025" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।

5. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा पाठ्यक्रम/पाठ्यक्रमों का प्राथमिकता के अनुसार विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक वैसे विकल्पों को हीं भरें जिसमें वे नामांकन कराने के लिए ईच्छुक हों। आवश्यकता होने पर चयनित विकल्प/विकल्पों में संशोधन/परिवर्तन करने के लिए अभ्यर्थी संशोधन के लिये निर्धारित तिथि को पुनः Login कर सकते हैं।**

6. साक्षात्कार शुल्कः– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gatway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

| Sl. No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| a. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| b. | SC/ST/Female Candidate of all Categories | Rs. 250.00 |

7. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम एवं/या द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आधार पर नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर पाठ्यक्रम एवं/या संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं तो वे क्रमशः द्वितीय एवं/या तृतीय (अंतिम) साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि संबंधित साक्षात्कार/साक्षात्कारों में सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित पाठ्यक्रम एवं/या संस्थान में नामांकन कराना अनिवार्य होगा क्योंकि उनका पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो

जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर किसी दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह– ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

8. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम) ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् है:–

(A) Time-Schedule for 1st Round of Online Counselling for Admission under Diploma in Pharmacy & Para-Medical and Certificate Courses

| S. N. | Activity | Date |
|---|---|---|
| a. | Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 03/09/2025 |
| b. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 07/ 09/2025 |
| c. | Editing in filled-up choices, if needed | 08/ 09/2025 |
| d. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 10/09/2025 to 16/ 09/2025 |
| e. | Certificates/Documents Verification & Admission in the concerned Institute | 11/09/2025 to 16/ 09/2025 |

(B) Time-Schedule for 2nd Round of Online Counselling for Admission under Diploma in Pharmacy & Para-Medical and Certificate Courses

| S. N. | Activity | Date |
|---|---|---|
| a. | Display of Vacant Seat Matrix | 19/ 09/2025 |
| b. | Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 19/ 09/2025 |
| c. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 23/ 09/2025 |
| d. | Editing in filled-up choices, if needed | 24/ 09/2025 |
| e. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 26/09/2025 to 07/ 10/2025 |
| f. | Certificates/Documents Verification & Admission in the concerned Institute | 27/09/2025 to 07/ 10/2025 |

(C) Time-Schedule for 3rd (Last) Round of Online Counselling for Admission under under Diploma in Pharmacy & Para-Medical and Certificate Courses

| S. N. | Activity | Date |
|---|---|---|
| a. | Display of Vacant Seat Matrix | 09/ 10/2025 |
| b. | Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 09/ 10/2025 |
| c. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 13/ 10/2025 |
| d. | Editing in filled-up choices, if needed | 14/ 10/2025 |
| e. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 16/10/2025 to 25/10/2025 |
| f. | Certificates/Documents Verification & Admission in the concerned Institute | 17/10/2025 to 25/ 10/2025 |

9. तृतीय (अंतिम) साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

10. अनुशंसित अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक आवंटित संस्थान में नामांकन नहीं कराने पर उनका औपबंधिक सीट आवंटन पत्र स्वतः रद्द समझा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

02/09/25

**(रंजीता हेम्ब्रम,** झा.प्र.से.)

उप परीक्षा नियंत्रक